# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री



11 6 माह की बच्ची की मौत की न्यायिक जांच हो : विधायक



11 सुरक्षा पर छात्राओं को किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### मानसिक स्थिति खराब महिला की एक्सीडेंट में हुई मौत




**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत गहरीनबांधा में विगत दिनों अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बुजुर्ग महिला को अपनी चपेट में ले लिया था। एक्सीडेंट से महिला को गंभीर चोटें आईं थीं। इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि गहरीनबांधा निवासी 75 वर्षीय मृतिका जानकी बाई नेताम पति महरू राम नेताम का पिछले तीन-चार वर्ष से मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। घर के बाहर सामुदायिक भवन में रहती थी। घर से उसके लिए खाना छोड़ दिया जाता था। 21 अक्टूबर को सुबह करीबन 7 बजे जानकी बाई सामुदायिक भवन के सामने सीसी रोड में पड़ी थी और जोर जोर से चिल्ला रही थी। कोई अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट करने से दोनों पैर से खून निकल रहा था। गंभीर चोटें लगा हुआ था। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मेला घूमने आए युवक की बाइक हुई चोरी



**कांकेर।** कांकेर मेला घूमने के लिए आए केशकाल जिला के डोडेरापाल निवासी 39 वर्षीय अन्नू राम मंडावी पिता स्व. फूल सिंह मंडावी ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को कांकेर मेला घूमने आया था। मेला घूमकर दोपहर 3 बजे साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने के लिए गया था और मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एलएच 4997 को बस स्टैंड के गार्डन के पास खड़ी किया था। आधा घंटा के बाद सब्जी लेकर वापिस आया, तो देखा तो उक्त जगह पर मोटर सायकल नहीं थी। आसपास खोजबीन किया लेकिन कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एलएच 4997 को चोरी कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 279 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ चारामा द्वारा 9 जनवरी को शेष पेज 10 पर

# शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य, घर-घर जाकर पूछताछ करेंगे हेल्थ वर्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

आयुष्मान कार्ड के सहारे दस लाख तक उपचार की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। योजना के तहत इलाज की लिमिट बढ़ाने का काम शुरू किया जाना है, इसके लिए शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पहले चरण में पूरा किए जाने की तैयारी है। जिले में 91 प्रतिशत लोगों का कार्ड बन चुका है और अब केवल 9 प्रतिशत लोगों का कार्ड बनाने की प्रकिया जारी है।

■ 5 लाख तक का मिलेगा निशुल्क उपचार

योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों को तीन तरह का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत अस्पतालों में जाकर इलाज के दौरान कार्ड बनाने, च्वाइस सेंटर तथा मोबाइल के माध्यम से स्वयं कार्ड बनाने की सुविधा दी गई है।

जानकारी के मुताबिक मोबाइल के माध्यम से आयुष्मान हितग्राही बनने में सर्वर के साथ पूरी तरह जानकार नहीं होने की समस्या आ रही है। इसे दूर करने की जिम्मेदारी स्वास्थ कर्मियों को दी गई है और उन्हें घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी लेने कहा गया है। हेल्थ वर्करों को घर-घर जाकर लोगों को कार्ड के बारे में पूछने और मोबाइल के माध्यम से इसे बनाने की जानकारी देने का काम शुरू किया गया है। कांग्रेस सरकार ने जो कार्ड जारी किए है, उसमें शेष पेज 10 पर

## कांकेर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर, 91 प्रतिशत के बन चुके है कार्ड

### प्रदेश में कांकेर प्रथम स्थान पर

मुख्य व चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि कांकेर जिले में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य पाने के लिए जगह-जगह शिविर लगाए गए और हेल्थ वर्कर घर में पहुँचकर कार्ड बना रहे है। कांकेर जिला प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर प्रथम स्थान पर है और अभी तक 91 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है।




### निजी अस्पतालों में भी मान्य

आयुष्मान कार्ड सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी मान्य है। जिले में 294 शासकीय संस्थानों और लगभग 10 निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। आयुष्मान योजना में एपीएल परिवार को 50 हजार तथा बीपीएल कार्डधारक परिवार को पांच लाख तक निःशुल्क इलाज मिलता है। भविष्य में इस राशि को दस लाख करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

## राय हत्याकांड: सभी एंगलों पर जांच करेगी एसआईटी, लोगों में आक्रोश

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष हत्याकांड में एसआईटी का हुआ गठन, नारायणपुर एएसपी की दी गई कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पखांजुर में दो दिन पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय हत्याकांड में पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने एसआईटी का गठन नाराररयणपुर के एएसपी आईपीएस निखिल राखेचा के अध्यक्षता में बनाया। इस टीम में एएसपी, एसडीओपी, टीआई और सब इंस्पेटकर मिलाकर 18 की टीम बनाया गया है।

■ टीम में एएसपी, एसडीओपी, टीआई और सब इंस्पेटकर मिलाकर 18 लोग शामिल

भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय हत्याकांड पुलिस के लिए चैलेंज हो गया है। भाजपा सरकार में भाजपा नेता की हत्या हो जाने से भाजपाई आक्रोशित हैं, वहीं कांग्रेस अब सत्ता के खिलाफ बयानबाजी कर रहे है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है, इसीलिए घटना के तीसरे दिन आईजी ने एसआईटी का गठन किया जिसमें जिले के तीनों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी पखांजुर एवं कोंडागांव, टीआई और सब इंस्पेक्टर को लिया गया है।



इस टीम को प्रत्येक एंगल पर जाँच करके इस हत्याकांड को खुलासा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नक्सल एडीजी विवेकानंद सिन्हा अपनी टीम के साथ 8 जनवरी को पहुंचे थे और अध्ययन करने के उपरांत यह स्पष्ट कर दिया था कि यह नक्सल घटना नहीं है। नक्सल घटना नहीं होने के बाद अब राजनीतिक व रंजिश हत्या मानी जा रही है। जिले की पुलिस ने दो दिन में हजारों मोबाइल डंप की छानबीन किया है और संभावित जो भी है, उनकी तलाश में जुटी हुई है।

### बुलडोजर चलाने की किया माँग

पखांजुर क्षेत्र की जनता भी गुस्साई हुई है, वनमंत्री केदार कश्यप से कहा कि कांग्रेस के लोगों ने पाँच साल में जो आतंक मचाया है, उनके खिलाफ भी यूपी के योगी की तरह बुलडोजर चलाना चाहिए। शांति से बैठने का समय नहीं है, पखांजुर की जनता रोते व बिलखते हुए यह सब वनमंत्री को बोल रही थी। पखांजुर की जनता में पाँच साल में जो हुआ, उससे बहुत आक्रोशित नजर आई।

### जनता ने कहा कि न्याय मिलना चाहिए

पखांजुर क्षेत्र की जनता ने विधायक विक्रम उसेंडी से कहा कि असीम हत्याकांड में न्याय मिलना चाहिए और क्षेत्र में जो कांग्रेस के पाँच साल में गुंडागर्दी हुई है, उन सब प्रकरणों को खोलकर उनकी जाँच होनी चाहिए और संलिप्त सभी पर कार्रवाई होना चाहिए। पाँच साल में हम लोग बहुत प्रताड़ित किए गए है, उसका अब हिसाब चुकाने का समय आ गया है। कई गाँव में कांग्रेसी सरपंच बहुत आंतक मचाकर भ्रष्टाचार किया है। उसकी भी जाँच कराकर कार्यवाही किया जाना चाहिए।

### धैर्य रखने की है जरूरत

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि धैर्य रखने की जरूरत है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। पखांजुर तहसील में जिसके द्वारा जो भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी किया गया है, उसकी जाँच की जाएगी और जिसकी भी गल्ती पाई जाएगी, उसके खिलाफ कार्यवाही होना तय है।

# कांकेर मेले में खुले में बेचने वाले खाद्य दुकान विक्रेताओं पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

खबर का असर

मेला व मंडई में खाद्य विक्रय की खुली बिक्री को लेकर हरिभूमि ने विभाग के संज्ञान में लाया था। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग व नगरीय निकाय की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कई सामग्रियों को नष्ट कराया। कई दुकानदारों से 11 हजार का जुर्माना भी वसूला गया।

■ खाद्य विभाग व नगरीय निकाय की संयुक्त टीम ने कई सामग्रियों को कराया नष्ट

■ दुकानदारों से लगभग 11 हजार का जुर्माना वसूला गया

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार सिंह, औषधि निरीक्षक सुनील मंडावी, लैब टेक्नीशियन प्रमोद पटेल, लैब अटेंडेंट डिगेंद्र साहू, खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक पूजा थेर, नगर पालिका से केशव जैन की संयुक्त टीम द्वारा कांकेर मेला का 8 और 9 जनवरी को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खुले में बेच रहे खाद्य पदार्थों की जांच के दौरान सामरत शेष पेज 10 पर

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर से धमतरी जाने वाले मुख्य मार्ग में चीरघर के पास 9 जनवरी की सुबह अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को अपनी चपेट में लिया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया व अधिक खून बह जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

■ समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण गई जान

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम सुरही निवासी 34 वर्षीय डायमण्ड नेताम पिता रामनाथ नेताम ने पुलिस को बताया कि मेरा भतीजा बेंदरपानी निवासी 25 वर्षीय धमेंद्र नेताम पिता कृष्ण नेताम जेसीबी वाहन चलाने का काम करता था। 9 जनवरी को सुबह करीबन 9 बजे मेरे घर से नाश्ता करके काम पर जाने के लिए निकला था। नरहरपुर-धमतरी मेन रोड चीरघर के पहले अज्ञात वाहन द्वारा शेष पेज 10 पर



# शक्कर नहीं देने की बात पर ग्रामीण ने राशन दुकान के विक्रेता से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम दाबकट्टा में गाँव के ग्रामीण ने राशन दुकान के विक्रेता को पिछले माह शक्कर नहीं देने की बात को लेकर गाली गलौच करने लगा और गुस्से में आकर विक्रेता के साथ मारपीट कर दिया। विक्रेता की शिकायत पर पुलिस ने ग्रामीण के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



■ भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम दाबकट्टा का मामला

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे दाबकट्टा दुकान के विक्रेता दाबकट्टा के दर्रोपारा निवासी 53 वर्षीय हलालू राम कावड़े पिता सोनू राम कावड़े ने पुलिस को बताया कि विगत 7 वर्ष से शासकीय राशन दुकान ग्राम दाबकट्टा का राशन विक्रेता का कार्य कर रहा हूँ। 9 जनवरी को उपभोक्ताओं को राशन वितरण कर रहा था। दोपहर 2 बजे के आसपास शेष पेज 10 पर

# प्रधानमंत्री जनमन योजना का जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति को शत- प्रतिशत दिलवाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्देशित किया कि वे बैठक में संबंधित प्रकरणों की पूरी जानकारी लेकर ही आएं जिससे उनका निराकरण बेहतर ढंग से किया जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग के अधिकारी तय समय सीमा में ही प्रकरणों का निपटारा करें। आगामी बैठकों में इसी आधार पर मामलों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने प्रकरणवार, बिंदुवार समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र, किंतु गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

■ प्रकरणों की पूरी जानकारी के साथ ही बैठक में आएं अधिकारी

■ कलेक्टर ने ली समयसीमा की बैठक

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 9 जनवरी की सुबह साढ़े 10 बजे आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया, तत्पश्चात पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक विभाग से अधिकतम 10 प्रकरण ही लंबित होने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत सैचुरेशन अगले दो माह के भीतर पूर्ण करें। साथ ही ऐसे निर्माण कार्य जो पूर्णता की ओर है, की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके अलावा उन्होंने अन्तर्विभागीय समन्वय वाले मामलों की वस्तुस्थिति से अवगत होकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके पहले कलेक्टर ने वन विभाग, राजस्व विभाग, जलजीवन मिशन, रोड निर्माण के लंबित मामलों सहित पेंशन प्रकरण, ई जनदर्शन में प्राप्त आवेदन आदि की विभागवार जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार को योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में कहा कि पीवीटीजी का शत प्रतिशत सैचुरेशन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च वरीयता वाली योजना है, जिसके तहत योजनाओं का लाभ दिलाने उनके गांव और घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 13 गांवों में निवासरत 72 परिवारों के सभी 283 सदस्यों को योजनाओं के दायरे में लाया जाना है। इसके अंतर्गत पीवीटीजी के सभी सदस्यों का आधार बनाने, राशन कार्ड तैयार करने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु सर्वे सूची में नाम जोड़ने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस दिलाने, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, वन अधिकार मान्यता पत्र, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया।

### बैठक में ये हुए शामिल

आयोजित बैठक में कांकेर वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेई, अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एसडीएम मनीष कुमार साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने नियुक्त किए जिला समन्वयक

# कांकेर लोकसभा की जिम्मेदारी रवि को, नरेश संभालेंगे बस्तर लोकसभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

बस्तर संभाग की 12 विधानसभा सीट में से 8 विधानसभा सीट में हार मिलने के बाद अब कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। ऑल इंडिया नेशनल कांग्रेस की तरफ से जिला समन्वयक नियुक्त किए गए है। कांग्रेस की शैली विधानसभा की तरह रही, तो इसका सीधा लाभ भाजपा को मिलना तय है। विधानसभा में कांग्रेस सीट के बंटवारा का गुस्सा अभी भी शांत नहीं हुआ है।

■ बेहतर प्रदर्शन की होगी चुनौती

ऑल इंडिया नेशनल कांग्रेस ने कांकेर लोकसभा सीट का समन्वयक प्रदेश महामंत्री रवि घोष को बनाया गया है, वहीं प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर को बस्तर लोकसभा सीट का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा भी सभी सीटों में समन्वयक तय कर दिए गए हैं। बताया गया कि इन समन्वयक की अब आगामी कुछ दिनों में पार्टी को एकजुट करने के साथ ही पार्टी की विचारधारा लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार बस्तर लोकसभा सीट का समन्वयक बनाए गए नरेश ठाकुर कांकेर जिले की राजनीति में सक्रिय है। वर्तमान में वे कांग्रेस के प्रदेश संगठन में महामंत्री पद पर है। श्री ठाकुर के सामने अब लोकसभा क्षेत्र में सभी कांग्रेसियों को एकजुट रखने की चुनौती होगी। साथ ही मजबूत दावेदार तलाशना भी होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने बेहतर प्रत्याशी तलाशने की भी कवायद शुरू कर दी है।





### बस्तर लोकसभा में 8 में से 3 पर कांग्रेस को मिली जीत

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में बस्तर लोकसभा की 8 विधानसभा बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंटा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, कोंडगांव और नारायणपुर में पाँच पर भाजपा की जीत हुई है वहीं तीन सीट बीजापुर, कोंटा और बस्तर पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। वर्तमान में इस सीट पर सांसद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज है, जो विधानसभा चुनाव हार चुके है। कांग्रेस को इस लोकसभा सीट पर मंथन की जरूरत है, अन्यथा विधानसभा जैसे परिणाम की पुनरावृत्ति हो सकती है।

### कांकेर लोकसभा में 8 में से 5 पर कांग्रेस को मिली जीत

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को प्रदेश स्तर पर हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आठ विधानसभा केशकाल, नगरी, कांकेर, भानुप्रताापपुर, अंतागढ़, डौंडी लोहारा, बालौद और गुंडरदेही में से पांच विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, केवल कांकेर, केशकाल और अंतागढ़ में ही भाजपा ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के सामने अब विगत कई लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद इस बार बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने बेहतर प्रत्याशी तलाशने की भी कवायद शुरू कर दी है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों से भरी ऑटो ने मवेशी को मारी टक्कर बाल बाल बचे मासूम



**कोण्डागांव।** 18 बच्चों से भरी ऑटो ने गाय बैल को टक्कर मारी, जिसमें दर्जन भर बच्चे घायल हो गए। ग्राम बांसकोट मेंघायलों का प्राथमिक उपचार चल रहा है। इस मामले में एक ओडिशा के ऑटो क्रमांक ओडी 24 ई 5547 में 18 बच्चों को भेड़ बकरी की तरह भरा गया था, जो लगभग 15 किलोमीटर का सफर करके आत्मानंद स्कूल बांसकोट ले जा रहे थे। इसी बीच ग्राम बांसकोट में एक मोड़ पर सुबह लगभग 8 बजे ऑटो ने गाय बैल को टक्कर मार दी। जिसमें ऑटो में सवार बच्चों को मामूली चोटें आई है। घटना में लगभग आधा दर्जन बच्चों को चोट आई है। जिनका प्राथमिक उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक भैंस का बच्चा घटनास्थल पर ही मर गया तथा कुछ गाय बैलों को भी चोट पहुंची। राहत की बात यह रही कि बच्चों को अधिक चोट नहीं लगी। चौकी प्रभारी बांसकोट विनोद नेताम का कहना है कि उन्हें घटना की सूचना नहीं मिली है।

### आसना में तस्करी करते दो आरोपी पकड़ाए



**जगदलपुर।** सिटी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति के द्वारा मोटर सायकल में अवैध नशीली गोली दवाइयों की तस्करी की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। टीम के द्वारा आसना रोड में वाहनों की चेकिंग के दौरान मोटर सायकल सवार दो व्यक्ति थैला रखे हुए थे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ में अपना नाम सुरज मंडावी, आशीष जार्ज निवासी जगदलपुर का होना बताया। उनके पास रखे थैला की तलाशी लेने पर नशीली दवाई टेबलेट 2400 नग मिला। 2 मोबाइल, एक स्प्लेण्डर प्लस मोटर सायकल व नगदी 400 रूपये जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली में धारा 21 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय रवाना किया गया। जब्त दवाइयों की अनुमानित कीमत 5760 रुपये है। निरीक्षक समेत सुरेश जांगड़े, उपनिरीक्षक प्रमोद ठाकुर, अमित सिदार, लोकेश्वर नाग प्रधान आरक्षक अनंत बघेल, अनिल कन्नौजे, उमेश चंदेल, सहायक निरीक्षक अविनाश झा, आरक्षक भुपेन्द्र नेताम, रवि सरदार, युवराज सिंह, भीगु कश्यप, विनोद खेस, नुकुल नुरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शान से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह, आयोजन के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्व

## कलेक्टर ने ली गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारी करने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्ध सैनिक बलों, पुलिस एवं नगर सेना की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनता के नाम संदेश का वाचन होगा। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं–कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों, कार्यालयों और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी, साथ ही सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

### मुख्य आयोजन विकास नगर स्टेडियम में

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित विकास नगर स्टेडियम कोण्डागांव में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री दुदावत ने मुख्य समारोह के लिए मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, समारोह स्थल एवं नगर की साफ–सफाई मुख्य मंच की सजावट, विद्युत एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, गुब्बारे, प्रशस्ति पत्र इत्यादि व्यवस्था संबन्धी दायित्व सौंपते हुए आवश्यक तैयारियां समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए।



### अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को

बैठक के दौरान झांकी प्रदर्शन हेतु संबंधित विभागों को समयपूर्व तैयारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जन-जन तक पहुंचाएं शासन की योजनाओं का लाभ

# जनता के आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ करें त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनता द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर जनचौपाल, पीजीएन पोर्टल, ई–समाधान, मावा कोंडानार और संपर्क केन्द्र के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन आवेदनों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ तत्परतापूर्वक किया जाए। उन्होंने शिकायतों पर जांच की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, धान खरीदी, सड़क निर्माण, राजस्व कार्य सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

■ समय–सीमा बैठक में नये कलेक्टर ने दिए निर्देश



### विकसित भारत संकल्प यात्रा के आवेदनों का करें त्वरित निराकरण

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके उद्देश्य को सार्थक करते हुए जिले के अंतिम ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों में निर्धारित योजनाओं के अतिरिक्त अन्य योजनाओं के तहत लाभान्वित करने के लिए भी लोगों से आवेदन लिए जाएं। सभी शिविरों में संबंधित विभाग के अधिकारी अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहें। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में बैंक अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने इन बीमा योजना के तहत भुगतान दावों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत भी अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान करने को कहा।

### धान के अंतरराज्यीय परिवहन पर करें कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर ने धान खरीदी के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहने के साथ ही साप्ताहिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी हेतु बारदानों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और उठाव का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में जमाव की स्थिति नहीं निर्मित होने तथा धान के अंतरराज्यीय परिवहन पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शत प्रतिशत राशन उपभोक्ताओं के ई–केवायसी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दो वर्षों की विलंबित धान बोनस राशि के भुगतान के संबंध में जानकारी ली और तकनीकी कारणों से भुगतान से वंचित हितग्राहियों को भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में केशकाल वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़ेडोंगर थाना को मिला नया भवन, एसपी ने किया उदघाट्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना बड़ेडोंगर में मंगलवार को नए थाना भवन का पुलिस अधिक्षक वाय अक्षय कुमार ने मां दंतेश्वरी माता पुजारी, गायता पटेलों व स्थानीय ग्रामीणों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर नए थाना भवन का फीता काटकर उदघाट्न कर थाना प्रवेश किया। एसपी ने नए बने तीन मंजिला भवन का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी को भवन को आगे भी नए जैसा सुंदर रखने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार विश्वकर्मा, उप पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार कुर्रे थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव, ग्राम सरपंच विद्या सागर नायक, जनपद सदस्य दुलम सिंह नाग, ग्रामीणजन सहित पुलिस के जवान उपस्थि रहे ।

### नया थाना बनने से पुलिसिंग होगी ज्यादा मजबूतः एसपी

नए थाना भवन के उदघाटन के दौरान एसपी ने कहा सभी ग्रामीणों को नए थाना बनने की बधाई, बड़ेडोंगर में नया थाना का भवन बनने से यहां की पुलिसिंग और ज्यादा मजबूत होगी, नए मोटिवेशन के साथ नए साल को शुरू कर रहे हैं। एसपी ने उपस्थित लोगों से कहा कि यदि आप इसमें पुलिस की मदद करेंगे तो हम और बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था बना पाएंगे। कोण्डागांव जिले में नक्सल समस्या भी 99 प्रतिशत कम हो गई है, विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण किया गया है और आगामी लोकसभा चुनाव में भी पुलिस की अच्छी तैयारी रहेगी।

## छग में 500 किमी का सफर, 7 जिले से गुजरेगी भारत न्याय यात्रा : बैज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा छग के सात जिलों से गुजरेगी इस दौरान 500 किमी का सफर तय किया जाएगा। इसके लिए कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। यह कहना था पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का, जो उन्होंने पत्रवार्ता के दौरान कही। धान का बोनस, कर्ज माफी, हंसदेव में वनों की कटाई मुख्य मुद्दा होगा जो फर्जी ग्रामसभा के जरिए की जा रही है।

बैज ने कहा कि 14 जनवरी से न्याय यात्रा शुरू हो रही है। मणीपुर से लेकर मुम्बई तक यह यात्रा होगी जो प्रदेश में लगभग 536 से अधिक किलोमीटर होकर गुजरेगी। प्रदेश में रायगढ़ से होकर 7 जिले सरगुजा तक न्याय यात्रा जायेगी जिसके लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। 11 जनवरी को नव नियुक्त प्रभारी सचिन पायलट रायपुर आ रहे है और न्याय यात्रा के बारे में चर्चा करेंगे और न्याय यात्रा के स्वागत को अंतिम रूप दिया जाएगा। पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री बनने के बाद मीडिया के माध्यम से बधाई दिया था। आदिवासी मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी चुनौती जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा बचाने की है। देश में केन्द्र व राज्य सरकार 2 उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से एक साथ मिलकर काम कर रही है। आदिवासी मुख्यमंत्री बन के एक माह से अधिक समय हो गया इस बीच सबसे ज्यादा हमला आदिवासियों के ऊपर हुआ है। उन्होंने कहा कि हसदेव वनों की कटाई के लिए जनवरी 2018 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ग्राम सभा आयोजित किया गया था। वहां के आदिवासी पीड़ित थे। वहां माहौल बनाकर कोई भी आदिवासी को जेल भेज दो, अंदर कर दो, रातो-रात उठाकर ले जाओ यहां फर्जी ग्रामसभा हुई है। यह ग्रामसभा भाजपा की सरकार में हुई है। वहां के निवासियों की एक ही मांग है फर्जी ग्रामसभा की जांच करवाई जाए। सरकार को ग्रामीणों की मांग, आदिवासी की मांग, जनता की मांग फर्जी ग्रामसभा की जांच होना चाहिये। पत्रवार्ता में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, महापौर सफीरा साहू, पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मार्य, ग्रामीण अध्यक्ष बलराम मौर्य समेत अन्य मौजूद थे।

■ पहले चरण की तैयारी के लिए 11 को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का प्रवास

### माता बहनों को झूठे सपने दिखाए

बैज ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनते जा रहा है। लगातार नक्सली गतिविधियों में बढोत्तरी हई है। आत्महत्या की वारदाते बढ़ी और शहरों में सरकार का कोई नियंत्रण नहीं हैं और कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। सरकार पूरी तरह से अपराध को रोकने में विफल हुई है।

## जिला बदर राहुल गुप्ता, मनीष सागर व कृष्णा साहू उर्फ खाडु कोण्डागांव सीमा में पाए गए, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विधानसभा चुनाव के दौरान कोण्डागांव थाना क्षेत्र के तहत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व लोगों को अपने कृत्य से भयक्रांत करने वाले मनीष सागर पिता रूपसिंह सागर (26), राहुल गुप्ता पिता स्वद्व गिरीश चंद्र गुप्ता (38), कृष्णा साहु उर्फ खाडू पिता लल्लन सिंह (35) सभी निवासी बाजारपारा कोण्डागांव थाना व जिला कोण्डागांव को न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला कोण्डागाव के द्वारा छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.5.6 के तहत उपरोक्त तीनों को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिला कोण्डागांव कांकेर नारायणपुर बस्तर बीजापुर दंतेवाड़ा व धमतरी की राजस्व सीमा से बाहर जाने व प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया गया था।



### बीच बीच में आ रहे थे कोण्डागांव

राहुल गुप्ता, मनीष सागर व कृष्णा साहू उर्फ खाडू के द्वारा उपरोक्त आदेश का पालन न करते हुए कोण्डागाव शहर में बीच बीच में आने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। जिन्हें कई बार जिला बदर में बताए क्षेत्रों को छोड़कर चले जाने के लिए हिदायत दिया गया था, किन्तु इनके द्वारा बार बार कोण्डागांव में आकर जिला बदर आदेश का उल्लंघन किया जा रहा था। कोण्डागांव क्षेत्र के निवासियों से सूचना मिली कि राहुल गुप्ता, मनीष सागर व कृष्णा साहू उर्फ खाडू पुन कोण्डागांव शहर में घूम रहे है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार को अवगत कराया गया, पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव के मार्गदर्शन में एवं अति पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी निमितेश सिह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोण्डागाव निरी प्रहलाद यादव के द्वारा उपरोक्त तीनों जिला बदर को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14.15 अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय भेजा गया। जहां से उक्त तीनों को अदालत ने जेल भेजने का आदेश दिया है।

## नशीली दवा के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

थाना सिटी कोतवाली को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में अवैध नशीली दवाईयां रखकर जगदलपुर की ओर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। टीम को धोबीगुड़ा चौक में एक व्यक्ति मोटर सायकल से आते मिला, जो भागने लगा जिसे टीम ने पकड़ा। पूछने पर समल कुमार नाग निवासी जगदलपुर का होना बताया। जिसके पास रखे थैली की तलाशी लेने पर अवैध नशीली दवाई टेबलेट 3600 नग मिला। मोबाईल, मोटर सायकल व 250 रुपये जब्त किया गया। थाना कोतवाली में धारा 21 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## स्कूल बच्चों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

**नारायणपुर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा ग्राम ब्रेहाबेडा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर को आईपीएस पुष्कर शर्मा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत उप निरीक्षक बीरेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा सड़क संकेतक की आवश्यकता, उपयोगिता और महत्व से अवगत कराते हुए नियंत्रित गति में वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालकों एवं सवारी को हेलमेट पहनने, कार चालक एवं सवार व्यक्ति को सीट बेल्ट लगाने, गलत तरीके से ओवरटेक न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की बात बताया गया।

## पेज 9 के शेष

### शत-प्रतिशत आयुष्मान...

पीएमजेएसवाय बहुत छोटे में लिखा है और बड़े में डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना लिखा गया है और इसे अपनी योजना कांग्रेस बताती रही है। भाजपा सरकार इस नाम को कार्ड से कब हटवाती है, यह आने वाला समय ही बताएगा।

### कांकेर मेले में खुले...

साहू, तेस राम सिन्हा, सुनहेर निषाद के दुकान में कीट पतंगे लगे हुए रसगुल्ला को मौके पर नष्ट कराया गया, संदेश चाउमीन के पास 20 पैकेट फफूंद लगे ब्रेड पाया गया, जिसे नष्ट कराया गया। सोनम साहू जलेबी सेंटर में गुलाब जामुन में बाल पाया गया जिसे मौके पर नष्ट किया गया, सभी दुकानदारों को खुले में विक्रय नहीं करने के चेतावनी दी गई। 32 खाद्य दुकानों से खाद्य पदार्थों में धूल लगे, गंदगी, साफ सफाई नहीं, ढंके नही रहने के कारण कुल 11600 रुपए की जुर्माना राशि वसूल करते हुए खाद्य पदार्थों को सही तरीके से ढंक कर विक्रय करने की समझाइश दी गई। अधिकारियों ने दुकादारों को समझाइश देते हुए कहा कि अन्य स्थानों के मेला व मड़ई में दुकान लगाते है तो नियमों का पालन जरूर करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की...

तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे धमेंद्र नेताम के सिर व शरीर पर गंभीर चोट लगा था। अधिक खून निकलने से मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद ठोकर मारने वाला अज्ञात वाहन का चालक फरार हो गया, जिसके चलते एक्सीडेंट की जानकारी नहीं मिली। दुर्घटना में घायल का खून अधिक बह जाने और समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर नरहरपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। अज्ञात वाहन चालक को कड़ी सजा का डर होता तो पुलिस को घटना की खबर दे देता, जिससे घायल को सही समय पर इलाज मिल जाने से जान बचाई जा सकती थी, जो अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही के कारण नहीं हो सका।

### शक्कर नहीं देने की...

दाबकट्टा गाँव के रहने वाला ग्रामीण श्रवण कुमार कोरेटी पिता गोविंद राम कोरेटी राशन दुकान के पास आया और बोलने लगा कि तुम मुझे माह दिसंबर 2023 का शक्कर नहीं दिए हो, उस शक्कर को तुम खा गए हो बोलते हुए मुझे गाली देते हुए जान से मार देने का धमकी देकर हाथ थप्पड़ से मारपीट कर मुझे चोट पहुंचाया है। मारपीट करने से मेरे सिर एवं पीठ में चोट आई है। घटना को देखकर राशन दुकान में उपस्थित अश्वनी दरपट्टी, शंभू राम गावडे ने बीच बचाव किया, तब मेरी जान बच सकी। विक्रेता ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा मेरे साथ कभी भी फिर से विवाद कर सकता है, इसलिए उसके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार कोरेटी के खिलाफ धारा 294,323,506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष...

वाचनालय के लिए सामाग्री तथा भवन के मरम्मत करने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील चारामा के अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल हीरालाल साहू, शिव प्रसाद नेताम, मनरखन मरकाम, लक्ष्मण कश्यप द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा गया। प्रमुख रूप से वाचनालय भवन की मरम्मत एवं धार्मिक साहित्यिक पुस्तक जो आज के परिवेश में सच्चे देवालय हैं, के साथ टेबल कुर्सी अलमारी के लिए मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल की मांग को प्राथमिकता देते हुए नगर अध्यक्ष द्वारा जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# विद्या मितान अतिथि शिक्षकों ने की पूर्व सीएम रमन सिंह व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात, संविलियन की मांग रखी सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आज विद्या मितान अतिथि शिक्षक के प्रांतीय पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मिलकर संविलियन के लिए मांग पत्र के साथ अन्य राज्यों में हुए अतिथि शिक्षक संविलियन के महत्वपूर्ण दस्तावेज सौंपे। इस दौरान कहा कि मोदी के गारंटी के अनुसार हम अनियमित कर्मचारी विद्या मितान अतिथि शिक्षक को शिक्षा विभाग में संविलियन कीजिए। विद्या मितान अतिथि शिक्षक सरगुजा और बस्तर के आदिवासी अंचल में भाजपा के शासन के समय 2016 से कार्यरत है। हमारी नियुक्ति विषय विशेषज्ञ के रूप में हुयी थी। लगातार विद्या मितान शिक्षकों के मेहनत ने हाई और हायर सेकंडरी स्कूल की गुणवत्ता में बडा सुधार किया। वर्तमान में सभी शिक्षकों की नौकरी स्थायी हो गया है। अब संविलियन की आस में सभी शिक्षक शासन से आस लगाए है।





**शामिल हुए ये:** इस मिलन कार्यक्रम में धर्मेंद्र दास वैष्णव संघ प्रमुखविद्या मितान संघ एवं छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ किरण तिवारी कोषाध्यक्ष विद्या मितान संघ, राकेश राय सचिव विद्या मितान संघ अंतु पांडे सलाहकार देशमुख सह सचिव योगेश साहू आदि सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### घोटपाल में ग्रामीण खेल महोत्सव का आगाज



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत घोटपाल में उसेंडी तादो युवा स्पोर्ट्स क्लब घोटपाल के तत्वाधान में तीन दिवसीय ग्रामीण युवा खेल महोत्सव का आगाज हुआ। इस खेल में गीदम ब्लॉक के सभी गांवों के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिसमें कबड्डी, व्हालीबॉल, रस्सीखींच, दौड़ आदि खेल का आयोजन किया जा रहा है।

### तीन बच्चों का बना दिव्यांग प्रमाण पत्र



**बीजापुर।** जिला प्रशासन व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में संचालित बीजादूतीर कार्यक्रम अंतर्गत बीजादूतीर स्वयं सेवकों द्वारा अपने आस-पास के व्यापक बदलाव हेतु लगातार कार्य किये जा रहे है। जिससे समाज का सशक्तिकरण भी हो रहा है। ये किशोर-किशोरियां अपने आस-पास चिंहित हितग्राहियों जो कि विभिन्न प्रकार के सुविधाओं से वंचित है, उनको प्रशासन के साथ जुड़कर लाभ दिलाने का कार्य कर रहे है। बीजादूतीर अंजनी सकनी, हर्षिता पण्डोत द्वारा साक्षी तेलम ग्राम कोपलपारा मिडते, श्रुति कुडमुल ग्राम एरमनार स्कूलपारा एवं सहादेव कुडमुल ग्राम एरमनार को जिला अस्पताल लाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया है। इस प्रकार के कार्य से समाज के मुख्य धारा से जोड़ने में आसानी हो रही है।

### रोजगार दिवस में श्रमिकों के शंकाओं का निराकरण



**बीजापुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1 जनवरी से आधार बेस्ट पेमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। जाबकार्डधारी परिवारों को वर्ष भर में 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है। जाबकार्ड धारी मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 221 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। डीबीटी सिस्टम में मनरेगा के मजदूरी की राशि भारत सरकार से सीधे मजदूरों के लिंक खाते में प्राप्त होगी। मजदूरों को मजदूरी भुगतान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा, मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक में जाकर तत्काल अपने मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे। उक्त जानकारी ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को देते हुए बैंकिंग सेवाओं में आने वाली कठिनाईयों के बारे में जागरूकता लाने रोजगार दिवस में अवगत कराया गया। सहायक परिजोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने बताया कि प्रत्येक माह 7 तारीख को पंचायतों में रोजगार दिवस के आयोजन करने के निर्देश हैं, जिसमें योजनान्तर्गत नवीन प्रावधानों के अलावा जाबकार्ड धारी श्रमिकों की आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है।

### श्रमिकों में मनरेगा में कार्य करने दिख रहा उत्साह

**बीजापुर।** जन मनरेगा एक एप्लीकेशन है, जिसे मोबाइल में इंस्टाल किया जा सकता है। प्रायः फील्ड स्तर पर श्रमिकों को मजदूरी भुगतान की शिकायतें रहती थी। अब उन शिकायतों और शंकाओं का निराकरण इस एप्लीकेशन के माध्यम से उनके समक्ष तत्काल किया जा सकता है। इसका असर अब जमीनी स्तर पर भी दिखने लगा है। जिला पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में अपने अनुभव साझा करते हुए एनआरएलएम में प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन पदमा पुपल ने बताया कि मनरेगा में महिला मेट की नियुक्ति की गई है। जन मनरेगा एप के माध्यम से मजदूरों की मजदूरी भुगतान की समस्याओं और शंकाओं का फील्ड स्तर पर त्वरित निराकरण कर रहे है।

भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े

# 6 माह की बच्ची की मौत की न्यायिक जांच हो : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



बीजापुर के विधायक विक्रम मण्डावी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 1 जनवरी 2024 की शाम लगभग 4 बजे बीजापुर जिले के थाना गंगालूर अंतर्गत ग्राम मुतवेंडी में क्रॉस फायरिंग में एक 6 माह की बच्ची और उसकी मां को गोली लगने से 6 माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी मां घायल हो गई। इस घटना को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने एक पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। जांच दल में विक्रम मण्डावी विधायक, नीना रावतिया उद्दे सदस्य जिला पंचायत, शंकर कुडियम अध्यक्ष जिला पंचायत, बसंतराव ताटी सदस्य जिला पंचायत, मिच्चा मुत्तैया उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भोपालपटनम एवं लालू राठौर, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी शामिल थे। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि जांच दल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 8 जनवरी को बीजापुर से गंगालूर होते हुए ग्राम मुतवेंडी के लिए रवाना हुई, इस दौरान कई जगह सुरक्षा बलों ने जांच दल को मुतवेंडी जाने से रोका। जांच दल के संयोजक विधायक विक्रम मण्डावी ने आगे कहा जांच दल गंगालूर से कावडगांव पहुंची और मुतवेंडी गांव के ग्रामीणों से कावडगांव के पास मिलकर चर्चा की। चर्चा के दौरान मुतवेंडी के ग्रामीण चश्मदीदों ने कांग्रेस पार्टी के पांच सदस्यीय जांच दल को घटना के बारे में विस्तार से बताया और ग्रामीणों ने जांच दल के सामने मांग किया कि इस पूरे घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही हो।

- घटना की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक मण्डावी ने कहा जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से आदिवासियों पर लगातार अत्याचार बढ़े हैं। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग करती है कि इस पूरे घटना की न्यायिक जांच हो और पीड़ितों को न्याय दिलायें। अन्यथा आने वाले समय में आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी उग्र अंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रेस वार्ता के दौरान जांच दल के सभी सदस्य व बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापारी संघ लगातार प्रयास कर रहा है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों, नियुक्त फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर की सहायक सुविधाओं, डिजिटल एक्स-रे व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए व्यापारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी थी। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं का जायजा लिया और शीघ्र ही आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने व्यापारी संघ के साथ बैठक की और नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं व उसके समाधान के संबंध में आवश्यक चर्चा की। नगर के वरिष्ठ व्यापारी पवन शर्मा ने बताया कि हमने शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों व डिजिटल एक्स-रे मशीन को चालू करने, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर के लिए आवश्यक सहायक सामग्री की व्यवस्था करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण करने की मांग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से की। इस दौरान व्यापारी संघ ने नगर के स्वास्थ्य केंद्र के लिए एक नई एंबुलेंस व एंबुलेंस के लिए ड्राइवर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने, एमसीएच और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीच आपसी सामंजस्य बनाने की बात कहीं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं को बनाएं बेहतर

व्यापारी संघ अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि व्यापारी संघ हमेशा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर नगर की जनता के साथ खड़ा है और कोशिश रही है कि नगर की स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी हो। स्वास्थ्य विभाग नागरिकों के साथ सामंजस्य बनाकर नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाएं। जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए बाहर भटकना ना पड़े। वर्तमान समय में नगर के स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टर नही होने के कारण लोगों को दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। डॉक्टर की नियुक्ति होने से नगरवासियों को इसका लाभ मिल सकेगा। इस दौरान खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौतम कुमार, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, अनीष जॉर्ज, मोनू दास, यशवंत शर्मा, यशवंत निषाद, राहुल सोनवाने आदि मौजूद रहे।

### सभी कमियां होंगी दूर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने कहा कि शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ व दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जायेगी। डिजिटल एक्स-रे मशीन को शीघ्र ही चालू किया जायेगा। फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर के सहायक उपकरणों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र की सभी कमियों को शीघ्र ही दूर किया जायेगा।

## नपा अध्यक्ष मृणाल ने सांसद प्रतिनिधि व नपा उपाध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



छत्तीसगढ़ के सबसे धनी नगर पालिकाओं में एक किरंदुल नगर पालिका हमेशा से ही सुर्खियों में रहता है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की सरकार जाते ही कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय के खिलाफ उनके ही कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पार्षदों ने भाजपा, सीपीआई पार्षद के साथ मिलकर अविश्वास प्रस्ताव ला दिया है। 8 जनवरी को दंतेवाड़ा कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर नगर पालिका अधिनियम 1961 यथा संशोधित 28 नवम्बर 2019 की धारा 43(क) उपधारा (1)(2) के तहत मृणाल राय अध्यक्ष नगर पालिका किरंदुल के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। मृणाल राय अध्यक्ष का अपने पद पर बना रहना जनहित व पार्षद हित में नहीं है, अतः नगर पालिका अधिनियम की धाराओं के तहत अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई करने का आग्रह दंतेवाड़ा कलेक्टर से पार्षदों ने किया है। किरंदुल कांग्रेस के 7 पार्षद, भाजपा के 4, सीपीआई 1, निर्दलीय 1 जिसमें कांग्रेस के नपा उपाध्यक्ष बाल सिंह कश्यप, दिनेश कुमार प्रसाद, रतनी मांडवी, अशोक कश्यप, कीर्तिनी राणा, गायत्री साहू, सुरेश लीला पात्रे, भाजपा के पार्षद शैलेंद्र सिंह, राजकुमार छालीवाल, निधि जयसवाल, रामकिशोर, सीपीआई से भानवती नाग, निर्दलीय अब्दुल हमीद सिद्धिकी ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। इस पर नपा अध्यक्ष मृणाल राय ने तीन कांग्रेसी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। खबर लिखे जानें तक इन तीनों नेताओं से इनके बयान लेने के लिए कॉल करने पर इन्होंने फोन नही उठाया।

- किरंदुल के कांग्रेसी नपा उपाध्यक्ष, पार्षदों ने अपने ही नपा अध्यक्ष के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव

नपा अध्यक्ष मृणाल राय ने कहा हमारे किरंदुल के नपा उपाध्यक्ष बाल सिंग कश्यप, सांसद प्रतिनिधि आर राजू, पार्षद दिनेश कुमार प्रसाद ने भाजपा के साथ मिलकर हमारे पार्षदों को बहकाकर कांग्रेस संगठन के खिलाफ जाकर नपा अध्यक्ष के खिलाफ में अविश्वास प्रस्ताव लाया है। उन्होंने कहा देखते है दंतेवाड़ा कांग्रेस संगठन इन कांग्रेस पार्षदों पर क्या कार्रवाई करती है, बाकी सभी पार्षदों से बात कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## अंगना म शिक्षा पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

ब्लाक बस्तर संकुल केंद्र खड़का, कुंडगुड़ा के तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय अंगना म शिक्षा कार्यशाला का आयोजन हाई स्कूल मधोता में किया गया। ब्लॉक बस्तर के 61 संकुलों के सीएसी और प्रत्येक संकुल से एक चयनित शिक्षिका को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर मोहिता बेलसरीया, वंदना दीवान एवं गोमती यादव ने अंगना म शिक्षा के महत्व के बारे में बताया कि कैसे बच्चे शाला से पूर्व घर में अपनी मां के साथ कैसे संख्यात्मक ज्ञान और बुनियादी शिक्षा को प्राप्त करते हैं, उसे शिक्षिकाओं को बताया गया। ज्ञात हो कि एफएलएन के आधार पर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मक ज्ञान को आधार माना गया है और इसका लक्ष्य 2026-27 है। जिसमें बच्चे बुनियादी शिक्षा जैसे पढ़ना, लिखना, सुनना, बोलना और संख्यात्मकता ज्ञान जोड़, घटाव, गुणा,भाग के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस कार्यशाला में बस्तर बीईओ अरूण कुमार देवांगन, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य श्याम लाल नेताम, मास्टर ट्रेनर वन्दना दिवान, मोहिता भंडारी, समस्त सीएसी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत के साथ रामभक्त घर-घर जाकर दे रहे निमंत्रण



**गीदम।** नगर के नाकापारा स्थित हनुमान मंदिर में प्रथम निमंत्रण पत्र समर्पित कर घर-घर पूजित अक्षत का वितरण किया जा रहा है। आज नगर के वार्ड क्रमांक 2 में वार्ड पार्षद खिलावन सागर, दीपक जायसवाल, मोती राम यादव, सुधीर नाग, शोभा व राम भक्तों की टोली द्वारा घर-घर जाकर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत, श्रीरामलला की तस्वीर एवं श्रीराम मंदिर के छायाचित्र को लेकर घर-घर पहुंचकर उनका वितरण कर लोगों को निमंत्रण दिया गया। साथ ही लोगों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के समय उस दिन को और खास बनाए जाने व सैंकड़ों दीप से घर को रोशन करने व दोबारा दीपावाली मनाए जाने आग्रह किया गया। श्रीराम जय राम जय जय राम के नारों व भक्ति गीतों से सुबह से लेकर शाम तक नगर का एक अलग ही माहौल बना हुआ है।

## वार्षिक उत्सव में हुए रंगारंग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

प्राथमिक व माध्यमिक शाला रामपुरम संकुल केन्द्र नरोनापल्ली में गत दिवस वार्षिक उत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा मॉडल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मीना गोटा मुख्यातिथि, कुडेम शिवैया शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, कंडिक नारायण खंड शिक्षा अधिकारी, कमल सिंह कोर्राम सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, भरत सिंह देहारी संकुल प्राचार्य, श्रीनवास एटला एपीसी, नन्द कुमार मारकोंडा सीएसी, रविन्द्र कुमार अनकारी प्रधानाध्यापक, दामोदर मज्जी प्रधानाध्यापक, मनोज कुमार कोड़े, किश्टम राजू, केएस. मरकाम अधीक्षक, सुशीला कोरम, स्व सहायता समूह के सदस्य एवं समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## शालाओं में 100 प्रतिशत रिजल्ट लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सोमवार को गीदम विकासखण्ड में स्थित एजुकेशन सिटी जावंगा का अवलोकन किया। आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पहुंचकर स्कूल में संचालित पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों का निरीक्षण कर जानकारी ली। आस्था विद्यालय प्राचार्य ने एजुकेशन सिटी एवं विद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने शाला परिसर में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की गतिविधि से संबंधित जैसे खेल तथा रचनात्मक गतिविधियों और अन्य प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शालाओं का रिजल्ट 100 प्रतिशत होना चाहिए, उसी प्रकार की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कर बच्चों को फोकस करें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को उनके स्तर के अनुसार चयन करें, यदि कुछ बच्चों का शैक्षणिक स्तर औसत से कम है।

- कलेक्टर ने एजुकेशन सिटी सहित छूलो आसमान का किया निरीक्षण



## जगार कार्यक्रम में पहुंचे विधायक बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर की खुशहाली के लिए एकटागुड़ा स्थित हिंगलाजिन माता मंदिर में नौ दिवसीय लक्ष्मी जगार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल होकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किए। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि इस धार्मिक कार्यक्रम में एकटागुड़ा के अलावा आस-पास के ग्रामीण प्रत्येक वर्ष शामिल होकर लक्ष्मी जगार की पौराणिक कथा हल्बी में सुनते हैं। बस्तर के प्रमुख पुरातन धार्मिक परम्परा आस्था का प्रतीक लक्ष्मी जगार अनुष्ठान पर्व फसल कटाई के बाद गांव-गांव में शुरू होता है। देवी-देवताओं के जागरण के इस अनूठे पर्व अंतर्गत सुप्त पड़े देवी-देवताओं को जागृत करने तमाम लोक काव्य गीत का पाठ सेवा परम्पराएं की जाती है। इस लक्ष्मी जगार अनुष्ठान के माध्यम से शुभ फल प्राप्ति हेतु क्षमतानुसार 3 दिवस, 5 दिवस से लेकर 11 दिवस तक लक्ष्मी जगार की परम्परा है।

# सुरक्षा पर छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पातररास में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप की काउंसलर पुष्पा भट्ट द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की संकल्पना, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा की जानकारी दी। पुलिस विभाग से डीएसपी. आशा सेन ने किशोर बालिकाओं को बाल अपराध व बाल संरक्षण से जुड़े विषयों पर विचार साझा किया। एएसआई आशा सिंह के द्वारा साइबर अपराध, अभिव्यक्ति एप्प, आनलाइन सेफ्टी एवं पुलिस सहायता की जानकारी दी गयी। इसके अलावा जिला समन्वयक यूनिसेफ विनोद साहू द्वारा किशोर बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले लैंगिक अपराध, सेफ टच-अनसेफ टच, किशोरावस्था में ध्यान देने वाले विशेष बाते, बाल-विवाह के नुकसान, जीवन कौशल के बारे में बताया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों के द्वारा किशोरी बालिकाओं के हेल्थ, हाइजिन के साथ बालिकाओं के कैरियर एवं स्टडी पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, इसके अलावा बालिकाओं को शपथ दिलाई गयी कि शिक्षा निरंतर जारी रखेंगे साथ ही बाल विवाह नहीं करेंगे, अपने आस-पास किसी का बाल विवाह नही होने देंगे। इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुनीता यदु, सखी सेन्टर से दिव्या भारती, प्राचार्य माधव रेड्डी एवं अन्य शिक्षिका, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### विकसित संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर आज

**कांकेर।** विकसित संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन नगर पालिका परिषद कांकेर के द्वारा 10 जनवरी को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक नया बस स्टैंड कांकेर में रखा गया है। शिविर के दौरान सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदन एकत्र कर निराकरण किया जाएगा। उक्ताशय जानकारी सीएमओ सोहेल ने दी।

### श्रीरामकथा आयोजन समिति की बैठक कल

**कांकेर।** श्रीरामकथा आयोजन समिति द्वारा कांकेर नगर में भव्य श्रीराम कथा आयोजित करने के संबंध में चर्चा एवं सुझाव के लिए आवश्यक बैठक 10 जनवरी बुधवार को दोपहर 3 बजे बाबा रामदेव मंदिर मांझापारा कांकेर में रखा गया था। जिसे कुछ कारण वश स्थगित करते हुए अब 11 जनवरी गुरूवार को दोपहर 3 बजे निर्धारित किया गया है।

### जिले के 16 गांवों में पहुंचेगी आईईसी वैन

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 10 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलेपरस एवं आमागांव, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगवाल, बारवी, घोठा एवं कुल्हाड़कट्टा, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शाहावाड़ा एवं डोडकावाही, कांकेर विकासखण्ड के पुसावंड एवं अंजनी, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शंकरनगर, पाडेंगा, घोड़ागांव एवं जानकीपुर तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिहावापारा एवं मुसुरपट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### स्थानीय कलाकारों की हो रही अनदेखी



**जगदलपुर।** मूर्तिकार कलाकार संघ के सदस्यों ने कहा कि आमागुड़ा लालबाग फारेस्ट बाउंड्रीवाल में बाहरी कलाकारों द्वारा सिमेंट मूर्ति व पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों की उपेक्षा की जा रही है। यह कार्य नगर निगम आयुक्त के द्वारा कराया जा रहा है।

### 34 छात्र-छात्राओं को मिला प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय धरमपुरा के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि ट्रेड के छात्र-छात्राओं द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण अन्नपूर्णा कृषि केंद्र में 34 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में कृषि से संबंधित रोग नाशक, कीटनाशक, खरपतवारनाशी, बीज, खाद एवं उर्वरक तथा कृषि यंत्रों, जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों की जानकारियां दी गई। छात्र-छात्राओं द्वारा जैविक खाद उर्वरक बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर संस्था में जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्रशिक्षण प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक युधिष्ठिर पांडे के द्वारा किया गया। जिसमें संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### कलेक्टर ने किया महात्मा गांधी कन्या आश्रम का निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. रविवार को धरमपुरा क्षेत्र के भ्रमण में निकले उन्होंने धरमपुरा क्षेत्र के पुराने स्वास्थ केंद्र के समीप स्थित महात्मा गांधी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। कन्या आश्रम के संचालिका, अधीक्षिका से आश्रम संचालन की अनुमति और परिसर का स्वामित्व सहित बालिकाओं की आश्रम में भर्ती, भोजन, आवासीय और पढ़ाई की सुविधाओं की जानकारी ली।

---

आयोजन : विजयी प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

# अध्यापन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए विद्यार्थियों का करना सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल




■ शाउमा विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला और कन्या प्राथमिक शाला में वार्षिक उत्सव

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल मेडो में शाउमा विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला और कन्या प्राथमिक शाला में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम शारीरिक नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि के आसंदी में मुख्य वक्ता जनपद सदस्य देवलाल नरेटी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों का अध्यापन का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होना है। विद्यालय में अध्ययन के साथ पाठ्य सहगामी गतिविधि भी बड़े स्तर पर आयोजित हो, जिसमें सभी विद्यार्थी को भाग लेने का अवसर मिले जिससे उनके प्रतिभा खुलकर सामने आ सके। हर विद्यार्थी दूसरे विद्यार्थी से भिन्न होता है, उनकी विभिन्नता के साथ उनको शैक्षणिक गतिविधि से अधिकतम दक्षता को प्राप्त करना हर विद्यालय का लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर उनके द्वारा जनपद निधि से विद्यालय की आवश्यकता की सामग्री क्रय करने के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा किया। विशेष अतिथि सरपंच अनुज खरे ने विद्यार्थी से अपने लक्ष्य निर्धारित समय सारिणी का निर्माण कर अध्यापन करने की बात कही। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव ने कहा इस तरह के आयोजन से विद्यार्थी के अंदर की ऊर्जा सकारात्मक रूप से बाहर आती है जो बहुत ज़रूरी है। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में खेलकूद गतिविधि के प्रभारी व्यायाम शिक्षक भागीरथी बोगा, सांस्कृतिक गतिविधि की प्रभारी तृप्ति गजभिए, बौद्धिक गतिविधि की प्रभारी उषा तारम के निर्देशन विद्यार्थी को मंच उपलब्ध कराया गया।

### ये रहे विजेता

कार्यक्रम में प्रथम हसदेव बचाव झांकी हायर सेकंडरी स्कूल, दूसरे स्थान में क्लासिक नृत्य हायर सेकंडरी स्कूल, तृतीय स्थान पर मैं निकला गढ्ढी लेके प्रस्तुति पूर्व माध्यमिक शाला और छोटा बच्चा समझ कर प्रस्तुति कन्या प्राथमिक शाला मेडो रहा।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपसरपंच हेमनाराय सिन्हा, शाला प्रबंधन और विकास समिति अध्यक्ष मेहरा सिंह कोमरा, शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला रमेश दुग्गा, शाला प्रबंधन समिति कन्या प्राथमिक शाला बनवारी लाल कोमरा, रमशिला कोमरा, मधुलता चंद्राकर, अनिल साहू, सुरेश नाग, सरस्वती कोमरा, राजमाला देवनाथ, लक्ष्मीकांत साहू, रजमोतिन दर्रो, केसर सिन्हा, मेरसिंह कोमरा प्रधान पाठक, संतलाल माहला, नंदूलाल दुग्गा, आकाश यद्दु, सुमित्रा बघेल, शेर सिंह कोडोपी, अनिल गायकवाड, नंदू राम दुग्गा, अनिल साहू का योगदान रहा।

---

# स्वामी आत्मानंद बागोडार में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय बागोडार में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पालिटेक्नीक महाविद्यालय के प्रशिक्षकों के द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को दसवीं एवं बारहवीं के बाद डिप्लोमा कोर्स एवं रोजगार के अवसर के संबंध में जानकारी दी गई। पालीटेक्निट के प्रशिक्षक हितेश कुमार देवांगन एवं चन्द्रप्रकाश जैन के द्वारा जानकारी दी गई कि 10 वीं के बाद सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्प्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग जैसे डिप्लोमा कोर्स छात्र कर सकते हैं। 12वीं पास गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय 02 वर्षिय आईटीआई पास अभ्यर्थी को सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जाता है। साथ ही विद्यार्थियों को बताया गया कि तीन वर्षीय डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग कोर्स करने पर शासकीय सेवा, शासकीय क्षेत्र की कंपनियों एवं प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्राचार्य दीपक कुमार रायस्त, शिक्षकगण रामशरण साहू, जयप्रकाश नेगी, किरण नेगी, संजय सिन्हा, सुनिता शेण्डे, सविता जैन, भारती कावडे, मंजुलता प्रजापति, नेमी ठाकुर, उर्मिला चुरेन्द्र, गीता पाण्डेय, उर्वशी तारम, मनोज साहू, नूतन साहू, मोनिका दिवान आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारी फेडरेशन ने कलेक्टर से की भेंट

**बीजापुर।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को फेडरेशन के जिला संयोजक केडी राय, अध्यक्ष मो. जाकिर खान व जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व में नवपदस्थ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय से मिलकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किये। भेंट में कलेक्टर ने सभी का कुशलक्षेम पूछा व मिलकर सहयोग की भावना से काम करने को कहा। संगठन के द्वारा परामर्श दात्री समिति की बैठक कराने के लिए कहा गया।

---

# परिषद की बैठक से अनुपस्थित कांग्रेस पार्षद नगर की जनता को दे रहे धोखा : भदौरिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

सुकमा जिले के दोरनापाल नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद धर्मेंद्र मोनू सिंह भदौरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परिषद के बैठक में कांग्रेस के सभी पार्षदों के अनुपस्थिति पर कहा कि नगर पंचायत के परिषद के सामान्य सभा में अनुपस्थित रहकर कांग्रेस के पार्षद नगर पंचायत दोरनापाल की जनता को धोखा दे रहे हैं। नगर पंचायत दोरनापाल में 8 जनवरी को नगर पंचायत के सभाकक्ष में परिषद की बैठक आहूत की गई थी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के आठों पार्षद उपस्थित रहे।

लेकिन कांग्रेस के सातों पार्षद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अनुपस्थित रहे। जिसके कारण सामान्य सभा की बैठक स्थगित कर दी गई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सामान्य सभा में नगर की जनता से जुड़ी अनेक समस्याओं का निराकरण होता है। लोगों के पेंशन संबंधी कार्य, जाति प्रमाण पत्र एवं नगर के विकास कार्यों का एजेंडा भी परिषद की बैठक में रखे जाते है। परंतु कांग्रेस पार्षदों के गैर जिम्मेदाराना पूर्ण रवैया से नगर का विकास कार्य अवरुद्ध हो रहा है। इससे पहले कई दिन आचार संहिता के कारण सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाई। नगर के कई लोगों का पेंशन के लिए आवेदन जमा किया गया है, जिसे सामान्य सभा में रखकर इस पर निर्णय लेना था, परंतु अब उनके पेंशन प्रकरण में देरी होगी। इसी तरह कई विकास कार्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। परिषद की बैठक को नजर अंदाज करने वाले कांग्रेस के पार्षद नगर के विकास के प्रति गंभीर नहीं है। गलत तरीके से नगर पंचायत की सत्ता को हासिल करने वाले कांग्रेस के पार्षद अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

जब से दोरनापाल नगर पंचायत में कांग्रेस को सत्ता मिली है, दोरनापाल नगर पंचायत का विकास पूरी तरह से ठप हो चुका है। सिर्फ एक ही बार नहीं कई बार परिषद की बैठक में कांग्रेस के पार्षद अनुपस्थित रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मनोनीत पार्षद में एक मनोनीत पार्षद तो कभी भी परिषद की बैठक में उपस्थित नहीं रहे, कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में भी कई प्रकार की समस्याएं हैं। परंतु अपने वार्ड वासियों की समस्या को परिषद में रखने के लिए भी उनके पास समय नहीं है। दोरनापाल के विकास के लिए अब नगरी निकाय में भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में रहना बेहद जरूरी है, तभी दोरनापाल का विकास होगा। दोरनापाल नगर की जनता का जनादेश भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में था, परंतु जनादेश का अपमान करते हुए कांग्रेस ने नगर की सत्ता हथिया ली, जो दोरनापाल के विकास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण साबित हुआ।

# वाहन में दिनदहाड़े लगी आग, गाड़ी जलकर खाक



**कांकेर।** कोतवाली थाना अंतर्गत भंडारीपारा 9 जनवरी को दोपहर 3 बजे के आसपास वेन सीजी 04 एचए 2697 में आग लग गई। आग लगने की खबर फायर ब्रिगेड को मिली और आग को काबू में लिया।

जानकारी के अनुसार भंडारीपारा के आसपास खाली मैदान में कई लोग अपने वाहन रखते हैं। ओमनी वेन क्रमांक सीजी सीजी 04 एचए 2697 में खड़ी हुई थी और दोपहर को अचानक अंदर आग लग गई। आग को देखकर मुहल्लेवालों ने फायर ब्रिगेड को खबर किया। खबर मिलने के बाद वाहन मालिक भी पहुँच गया था। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। वाहन अंदर से पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। वाहन मालिक भी आग लगने का कारण नहीं बता पाया। यह वाहन विगत एक माह से खड़ा था। एक माह पहले इस वाहन की बैटरी की भी चोरी हुई थी।

# जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में दिशा ने मारी बाजी, युवाओं ने दिखाया दमखम




हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार संगठन के बैनर तले माय भारत विकसित भारत 2047 विषय पर नेहरू युवा केंद्र संगठन कार्यलय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

जिले के विभिन्न स्थानों से आए युवा साथियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें सभी ने युवाओं ने अपना विचार प्रभावी तरीके से व्यक्त किया। सभी को अपने विचार साझा करने के लिए निर्णायक मंडल के तरफ से 04 मिनट का समय दिया गया था। निर्णायक के रूप में सुनील कुमार यादव, अवधेश द्विवेदी, रोशन राम साहू शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम दिशा करंगा रहे एवं विजेता प्रतिभागी को राज्यस्तर पर जाने का मौका मिलेगा जहां राज्यस्तर पर होने वाले भाषण प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक मंडल की टीम और संगठन के लोगों ने सभी सरहना की साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। प्रथम स्थान प्राप्त दिशा करंगा को सभी ने राज्य स्तर पर होने वाले भाषण प्रतियोगिता के लिए समझाइश व शुभकामनाएं मंडल की टीम ने दिया।

# एबेकस प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला मेडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

एब्सोलियूट एबेकस क्लासेस जगदलपुर की संचालिका तृप्ती परिडा ने बताया कि 7 जनवरी को ब्रम्हविद द ग्लोबल स्कूल रायपुर में राज्य स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता का आयोजित किया गया।

जिसमें जगदलपुर सेंटर से अलग-अलग लेवल में 23 प्रतियोगी भाग लिये। जिसमें वृद्धि पिल्लई रनर-अप एवं अंश कोटक को कोर्स पूर्ण करने पर मेडल एवं सम्मान पत्र, ऋत्विक वेलपुरी चैंपियन, डी. अरनव आदित्य-प्रथम रनर-अप, अनमोल साव चैंपियन, ख्याति साव 4 रनर-अप, श्रेयांश पाण्डे चैंपियन, अच्युत गोयल रनर-अप, असीम श्रीवास्तव 5 रनर-अप, जेड लेवल में इशिका देवांगन रनर-अप ने विजेता ट्राफी अपने नाम किया। साथ ही अरनव पटेल, चक्रधर पल्लपोटू, प्रकृति पाण्डे, प्रणव पल्लपोटू, अव्यांश साव, पूर्ति कुलकर्णी, पावनी कुलकर्णी, अनंत राम, नैतिक जैन को मेरिट ट्राफी से सम्मानित किया गया।

# 11 ग्राम पंचायतों में पहुंचा योजनाओं का प्रचार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु एलईडी वैन रविवार को कलेक्टर विजय दयाराम के.के मार्गदर्शन में जिले के 11 ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसके अंतर्गत बस्तर विकासखंड के तारागांव और सोनारपाल, दरभा विकासखंड के पखनार-2, कटेनार एवं केलाउर, जगदलपुर ब्लॉक के बाबू सेमरा और बुरुंडवाड़ा सेमरा तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के छोटे परौदा एवं दाबपाल सहित बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत छिन्दगांव एवं छिंदगांव-2 में एलईडी वैन पहुंची और केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु इन स्थानों पर विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया। इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने तन्मयता से सुना।

इस मौके पर संकल्प शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया।

जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन,उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया।

# उपकेंद्रों के निर्माण कार्य ठेकेदारों को रोकने से होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



विद्युत कंपनी के कार्यपालक निदेशक ने शहर के गीदम रोड स्थित कंपनी के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के सातों जिलों के सभी एसई, ईई, एई की बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में विद्युत अधोसंरचना विकसित कर सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ीकरण करने, पंप कनेक्शन के लिए विद्युत विस्तार, मजराटोला विद्युतीकरण, पीव्ही टीजी विलेज विद्युतीकरण के बारे में चर्चा की गई। विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत मुख्य रुप से नए उपकेन्द्र निर्माण, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि सम्मिलित है। वर्तमान में जो कार्य ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे है उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। कई उपकेन्द्रों के कार्य ठेकेदारों द्वारा रोक दिया गया है उन्हें ठेका शर्तों के अधीन कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित कार्यपालन अभियंता को दिए गए है। सभी पंपों के विद्युतीकरण के कार्य कार्य फरवरी के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करें। उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन व शिकायतें विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस के अनुसार अविलंब प्रदान व निराकरण करने, विफल ट्रांसफार्मरों को अविलंब बदलें। बैठक में अधीक्षण अभियंता चंद्रहास मरकाम, एसएस पांडव, ईई प्रदीप अग्रवाणी, दिलीप सैनी, दुखित उर्वशा, प्रमोद शुक्ला, जुसफ केरकेट्टा, हिलोन ध्रुव, पीव्ही राजेश, दीपक, अन्य ईई एवं एई शामिल रहे।

---

ग्राम पंचायत साल्हेभांट एवं मुड़पार में विकसित भारत संकल्प यात्रा

# स्टालों का अवलोकन कर हितग्राहियों को किया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

■ बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेभांट एवं मुड़पार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कर किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। छूटे हुए हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से एक स्थान पर सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। छूटे हुए हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। कार्यक्रम में धरती कहे पुकार के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लघु नाटक की प्रस्तुति के साथ ग्रामीणों को रासायनिक खेती का प्रयोग न कर प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की गई। साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के हितग्राहीयो ने योजना के लाभ के बारे में बताया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य ललिता शोरी, सरपंच तुलसी नेताम, उप सरपंच चांदराम नेताम, रमेश यादव, प्रताप साहू, जगदेव मंडावी, गिरवर साहू, मोहन यादव, राजेंद्र मंडावी, शिवचरण जुरी, गैंद राम रामटेके, राधेश्याम भास्कर, सिताराम मंडावी, पुरुषोत्तम सोनवंशी, अनिरुद्ध जैन, यसवंत जैन, दुर्गेश सिंन्हा, भीखम मंडावी, दयालाल सलाम, हाजारसिंह नेताम, नंदलाल कोर्राम, हिमन कोर्राम, धर्मराज दार्रो, बिरबल मतलाम, मनु नेताम व ग्रामीण उपस्थित रहे।

